**सेंट मारग्रेट सी • सै• स्कूल**
**सैंपल पेपर – (2023–24)**
**विषय – हिंदी**
**कक्षा – (आठवीं)**

**निर्धारित समय : 2:30 घंटे** **अधिकतम अंक – 60**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनिए :–** **1×15 = 15**

1 'नृत्य' शब्द का तद्भव चुनिए।
(1) आग (2) अनाज (3) आलस (4) नाच

2 'मैं अपना काम **<u>स्वयं</u>** करता हूँ' में रेखांकित में कौनसा सर्वनाम है ?
(1) निजवाचक (2) सम्बन्ध वाचक (3) प्रश्नवाचक (4) इनमें से कोई नही

3 रेखांकित शब्द हेतु उचित विलोम शब्द चुनिए –
आज बाज़ार में **<u>पुराने</u>** और____________ दोनों प्रकार के खिलौने उपलब्ध हैं।
(1) विदेशी (2) नए (3) बेकार (4) अच्छे

4 '**बीमारी**' शब्द का संज्ञा भेद चुनिए।
(1) जातिवाचक (2) भाववाचक (3) व्यक्तिवाचक (4) कोई नही

5 इनमें से सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए-
(1) आसा (2) आषा (3) आशा (4) एसा

6 बच्चे फल खाते हैं।' वाक्य को सही क्रम में लिखिए-
(1) फल खाते हैं बच्चे (2) बच्चे खाते हैं फल (3) खाते हैं फल बच्चे (4) खाते हैं बच्चे फल

7 दिए गए शब्दों में से तत्सम शब्द चुनिए-
(1) कूप (2) गाय (3) घोड़ा (4) बैल

8 'जयपुर' शब्द का संज्ञा भेद चुनिए ।
(1) जातिवाचक (2) भाववाचक (3) व्यक्तिवाचक (4) इनमें से कोई नही

9 अनेक शब्दों हेतु एक शब्द चुनिए : मन की बात जानने वाला |
(1) अंतर्यामी (2) अनुगामी (3) अजेय (4) निर्धारण

10 अपादान कारक का विभक्ति चिहन_____ है।
(1) से (2) से अलग (3) के लिए (4) में, पर

11 <u>'शायद कमरे में कोई छिपा हुआ है</u>। इस वाक्य में रेखांकित शब्द है –
(1) निजवाचक (2) पुरुषवाचक 3) निश्चयवाचक (4) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

12 पूर्णविराम चिह्न कौन सा है?
(1) । (2) ; 3) , (4) ?

13 'अतीत ' शब्द का सही अर्थ छांटिए।
(1) खुशी (2) बीता हुआ कल (3) सराहना (4) बुराई

14 'भार' किस शब्द का अर्थ है ?
(1) बोझ (2) नया (3) आवाज (4) परेशानी

15 दीवानों हस्ती पाठ के लेखक का नाम ___________ है।
(1) भगवतीचरण वर्मा (2) प्रेमचंद 3) हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) महादेवी वर्मा

**(अपठित गद्यांश)**

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1×5 = 5**

वातावरण एवं वायु-मंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण की समस्या संपूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमाती जा रही है। आज समस्त मानव जाति इस समस्या से आतंकित है, और विश्व का प्रत्येक देश अपने-अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में सलंग्र है। प्रदूषण एक ऐसी विकट समस्या है, जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है। वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किया गया तो आगामी दशकों में संपूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियों पर भी होगा और यह शस्यश्यामला धरती विकृत वनस्पतियों के कारण अपनी संपूर्ण सुन्दरता एवं उपादेयता खो देगी।

(1) आज मानवजाति को कौन-सी समस्या भयभीत कर रही है?

(i) वातावरण की समस्या (ii) प्रदूषण की समस्या (iii) वायुमंडल की समस्या (iv) संपूर्ण विश्व की समस्या
(2) हर देश इस समस्या के लिए क्या कर रहा है?
(i) बढ़ा रहा है (ii) वार्तालाप कर रहा है (iii) समाधान के उपाय ढूँढ रहा है (iv) हल खोज लिया है
(3) इस समस्या के दुष्परिणाम के बारे में असत्य कथन कौन-सा हैं?
(i) पृथ्वी प्राणियों के रहने योग्य नहीं रहेगी (ii) प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ जाएँगी (iii) वनस्पतियों को बहुत क्षति पहुँचेगी (iv) पृथ्वी की सुन्दरता नष्ट हो जाएगी
(4) धरती का सौंदर्य किनके कारण बना हुआ हैं?
(i) ऊँचे भवनों के कारण (ii) जीवधारियों के कारण (iii) वनस्पतियों के कारण (iv) वैज्ञानिकों के कारण
(5) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक हो सकता है-
(i) धरती का सौंदर्य (ii) धरती की सुन्दरता (iii) विकट समस्या (iv) प्रदूषण-एक विकट समस्या

**प्रश्न-3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1×5 = 5**

हमारे देश को आज़ादी दिलाने के लिये कई स्त्रियों ने कड़ा संघर्ष किया उनमें सरोजनी नायडू का अपना अलग ही स्थान है। उनकी आवाज बेहद मधुर थी, इसी वजह से वह पूरे विश्व में भारत कोकिला के नाम से विख्यात थीं। बचपन में वह बेहद मेधावी छात्रा थी। 1905 में गोल्डेन थ्रेशोल्ड शीर्षक से उनकी कविताओं का पहला संग्रह प्रकाशित हुआ था। इसके बाद उनके दूसरे और तीसरे कविता संग्रह 'बर्ड आफ टाइम' तथा 'ब्रोकन विंग्स' ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया। 1914 में इंग्लैंड में वे पहली बार गाँधी जी से मिली और उनके विचारों से प्रभावित होकर देश के लिए समर्पित हो गई। एक कुशल सेनापति की भाँति उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय आंदोलन, समाज सुधार और कांग्रेस पार्टी के संगठन में दिया। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया और कई बार जेल भी गई। उन्हें पहली महिला राजपाल होने का गौरव भी प्राप्त हुआ। उन्होंने अपना सारा जीवन देश को समर्पित कर दिया था।
(1) अपनी मधुर आवाज़ के कारण सरोजनी नायडू कौन से नाम से विख्यात थीं?
(2) सरोजनी नायडू ने अपनी प्रतिभा का परिचय कब दिया?
(3) सरोजनी नायडू के कौन से कविता संग्रह ने उन्हें सुप्रसिद्ध कवियत्री बना दिया?
(4) सरोजनी नायडू को कौन सा गौरव प्राप्त हुआ?
(5) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1) सच्चाई केवल भीरू और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है – लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ? **3**
2) 'तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं' – इस उदाहरण से कबीर जी क्या कहना चाहते हैं? **3**
3) प्रारंभ में साइकिल आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई? **4**

अथवा

"उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं कोई ना कोई तरीका लोग निकाल लेते हैं" – लेखक किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है?

**प्रश्न-5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1×5 = 5**

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।

आए बनकर उल्लास अभी,
आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे,
तुम कैसे आए, कहाँ चले?

1) 'दीवानों की हस्ती' कविता के कवि का नाम बताइए।
2) दीवानों के साथ-साथ क्या चलता है?
3) दीवाने क्या उड़ाते चलते हैं?
4) दीवाने क्या बनकर आते हैं?
5) वे किस रूप में बह चलते हैं?

**प्रश्न-6 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

**1)** अनुशासन का महत्व 2) कंप्यूटर जीवन की आवश्यकता 3) मेरा प्रिय त्योहार

**प्रश्न-7 छोटे भाई को परिश्रम का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए।** **5**

अथवा

विद्यालय के प्रधानाचार्या को खेत का सामान मँगवाने के लिए प्रार्थना पत्र।

**प्रश्न-8 दिल्ली में बढ़ते अपराध के विषय में दो छात्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।** **5**

**प्रश्न-9 दिए गए चित्र को देखकर अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।** **5**

